Number of Pages in Booklet : **28**
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या
Number of Questions in Booklet : **70**
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

340925

# Economics

## Subject Code/विषय कोड : 34

Roll No. of Candidate/अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ..............................

OMR Serial Number/ओ.एम.आर. क्रमांक : ..............................

Signature of Candidate/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ..............................

Date of Examination/परीक्षा तिथि : ..............................

Signature of Invigilator/वीक्षक के हस्ताक्षर : ..............................

Time/समय : **75** Minutes/मिनिट्स

Maximum Marks/पूर्णांक : **70**

### Instructions

1. Answer *all* questions.
2. *All* questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. **1** to serial no. **10** are related to general aptitude while questions from serial no. **11** to serial no. **70** are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (a), (b), (c), (d).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the answer sheet by using **BLUE BALL POINT PEN**.
8. There is no provision of **Negative marking**.
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

### निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक **1** से क्रमांक **10** तक के प्रश्न सामान्य अभिवृत्ति के तथा क्रमांक **11** से क्रमांक **70** तक के प्रश्न विषय केन्द्रित हैं ।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमश: (अ), (ब), (स), (द) से अंकित किया गया है ।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये ।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा ।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को उत्तर पुस्तिका पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है ।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध है । साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी ।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें । ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।
11. यदि प्रश्नों के हिंदी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा ।

## Space for Rough Work
## कच्चे कार्य के लिए स्थान

1. The headquarters of International Cricket Council (ICC) is located at :

(a) Sharjah

(b) Kuwait

(c) Dubai

(d) Port of Spain

2. Vikram Pandit is associated with which Bank :

(a) City group

(b) Stan-Chart

(c) RBS

(d) Bank Am

3. 'Gulliver's Travels' has been authored by :

(a) Jonathan Swift

(b) Charles Dickens

(c) Charles Lamb

(d) T.S. Eliot

1. अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल का मुख्यालय कहाँ है ?

(अ) शारजहा

(ब) कुवैत

(स) दुबई

(द) पोर्ट ऑफ स्पेन

2. विक्रम पंडित का संबंध किस बैंक से है ?

(अ) सिटी ग्रुप

(ब) स्टैन-चार्ट

(स) राबिस

(द) बैंक एम

3. 'गुलिवर्स ट्रेवेल्स' के लेखक हैं :

(अ) जोनाथन स्विफ्ट

(ब) चार्ल्स डिकेन्स

(स) चार्ल्स लैम्ब

(द) टी.एस. इलियट

4. Which is the missing number in the following series :

0, 6, 24, 60, 120, ?, 336

(a) 240

(b) 220

(c) 280

(d) 210

5. If the code for MOHAN is KMFYL, then what is the code for COUNT ?

(a) AMSLR

(b) MSLAR

(c) MASRL

(d) SAMLR

6. The sum of ages of two persons A and B is 50. If 5 years ago the ratio of their age was $\frac{5}{3}$, then what is the present age of A and B ?

(a) 30, 20

(b) 35, 15

(c) 38, 12

(d) 40, 10

4. निम्नलिखित शृंखला में विलुप्त संख्या क्या है ?

0, 6, 24, 60, 120, ?, 336

(अ) 240

(ब) 220

(स) 280

(द) 210

5. यदि MOHAN का कूट KMFYL है, तो COUNT का कूट होगा :

(अ) AMSLR

(ब) MSLAR

(स) MASRL

(द) SAMLR

6. दो व्यक्तियों A तथा B की आयु का जोड़ 50 है । 5 वर्ष पूर्व यदि उनकी आयु का अनुपात $\frac{5}{3}$ था तब A तथा B की वर्तमान आयु है :

(अ) 30, 20

(ब) 35, 15

(स) 38, 12

(द) 40, 10

7. Given below are few numbers. Out of the four, three are similar and one is dissimilar. Which one is dissimilar ?

(a) 49

(b) 331

(c) 25

(d) 81

8. Given below are four similar words. Only one of them is correctly spelt. Choose the correctly spelt one :

(a) Questionnaire

(b) Queastionaire

(c) Qeustionnaire

(d) Quetiosnnaire

9. Fill in the blank with the correct word option :

Soon you will repent ...................... your misdeals.

(a) for

(b) by

(c) with

(d) of

7. निम्नलिखित चार में से कोई तीन अंक समान हैं और एक अंक समान नहीं है । कौनसा अंक समान नहीं है ?

(अ) 49

(ब) 331

(स) 25

(द) 81

8. निम्नलिखित चार शब्दों में तीन गलत लिखे गये हैं और एक सही लिखा गया है । जो सही लिखा गया है उसे चुनिये :

(अ) Questionnaire

(ब) Queastionaire

(स) Qeustionnaire

(द) Quetiosnnaire

9. रिक्त स्थान को निम्नलिखित उपयुक्त शब्द से भरिये :

Soon you will repent ...................... your misdeals.

(अ) for

(ब) by

(स) with

(द) of

10. In the given sentence the underlined part needs to be corrected by using the given alternatives. Choose the correct alternative :

You <u>must be stopped</u> these undesirable activities immediately.

(a) must have been stopped

(b) may have been

(c) must stop

(d) might stopped

11. What was the title of Alfred Marshall's book published in 1890 ?

(a) Wealth of Nations

(b) Principles of Political Economy

(c) Principles of Economics

(d) None of the above

12. On which factor, the law of diminishing marginal productivity was originally applied ?

(a) Capital

(b) Labour

(c) Land

(d) Management

10. निम्न वाक्य में रेखांकित हिस्से में त्रुटि है । दिये गये विकल्पों में से वह विकल्प चुनिये जो त्रुटि सुधार करता है :

You <u>must be stopped</u> these undesirable activities immediately.

(अ) must have been stopped

(ब) may have been

(स) must stop

(द) might stopped

11. 1890 में प्रकाशित अल्फ्रेड मार्शल द्वारा रचित पुस्तक का शीर्षक क्या था ?

(अ) वैल्थ ऑफ नेशन्स

(ब) प्रिंसिपल्स ऑफ पॉलिटिकल इकोनॉमी

(स) प्रिंसिपल्स ऑफ इकोनॉमिक्स

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

12. सीमान्त उत्पादकता ह्रास नियम को मूलतः निम्न में से किस साधन पर प्रयुक्त किया गया था ?

(अ) पूँजी

(ब) श्रम

(स) भूमि

(द) प्रबन्ध

13. Product exhaustion theorem states that total output gets exhausted if :

(a) total wages are equal to total revenue

(b) entrepreneur distributes total revenue among owners of all factors according to marginal productivity and quantities of factors

(c) MC = MR

(d) Factor price = AC

14. Consumer's surplus is :

(a) What a consumer retains as saving

(b) What he wants to pay for a good *minus* what he actually pays

(c) Total utility from a good *minus* marginal utility

(d) None of the above

15. Advertisement for a good becomes essential when :

(a) All products in a market are homogeneous

(b) Rival firms start price war

(c) Products in the market are differentiated

(d) Market has monopoly

13. उत्पाद समाप्ति प्रमेय बतलाता है कि कुल उत्पाद समाप्त हो जाता है, यदि :

(अ) कुल मज़दूरी = कुल आगम

(ब) उद्यमी सभी साधनों के स्वामियों के बीच सीमान्त उत्पादन तथा साधनों की मात्रा के अनुसार कुल आगम का वितरण कर देता है

(स) MC = MR

(द) साधन कीमत = औसत लागत

14. उपभोक्ता की बचत का अर्थ है :

(अ) वह राशि जिसे उपभोक्ता अपने पास बचत के रूप में रखता है

(ब) उपभोक्ता वस्तु के लिए जो कीमत देना चाहता है तथा वास्तव में जो चुकाता है उसका अन्तर

(स) किसी वस्तु से प्राप्त कुल उपयोगिता का सीमान्त उपयोगिता पर आधिक्य

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

15. किसी वस्तु के लिए विज्ञापन की अनिवार्यता तब होती है जब :

(अ) बाज़ार में सभी वस्तुएँ समरूपी होती हैं

(ब) प्रतिद्वन्द्वी विक्रेता कीमत युद्ध शुरू कर देती हैं

(स) बाज़ार में वस्तुएँ विभेदीकृत होती हैं

(द) बाज़ार में एकाधिकार हो

16. When total utility is maximum, then MU :

(a) will be negative

(b) tends to increase

(c) tends to fall

(d) becomes zero

17. When price elasticity of demand is positive, then :

(a) AR > MR

(b) AR = MR

(c) MR < 0

(d) AR < MR

18. If product market is competitive, the following situation will emerge for labour :

(a) VMP < Wage rate

(b) VMP > Wage rate

(c) VMP = Wage rate

(d) VMP > MRP

16. जब कुल उपयोगिता अधिकतम होती है तब सीमान्त उपयोगिता :

(अ) ऋणात्मक होती है

(ब) वर्द्धमान होती है

(स) ह्रासमान होती है

(द) शून्य होती है

17. जब माँग की कीमत लोच धनात्मक हो तब निम्न स्थिति होगी :

(अ) AR > MR

(ब) AR = MR

(स) MR < 0

(द) AR < MR

18. यदि वस्तु का बाज़ार पूर्ण प्रतियोगिता वाला हो, तो श्रम के लिए निम्न स्थिति होगी :

(अ) VMP < Wage rate

(ब) VMP > Wage rate

(स) VMP = Wage rate

(द) VMP > MRP

22. If the cross-elasticity of demand between $x$ and $y$ is positive, the two products are :

(a) Substitutes

(b) Complements

(c) Independent

(d) None of the above

23. Ridge lines depict that two factors, K and L :

(a) Have a rational zone

(b) No substitution is possible between them

(c) $MP_L$ is negative

(d) $MP_K$ is negative

24. If demand curve is positively sloped, the good is :

(a) a normal good

(b) an inferior good

(c) a substitute

(d) a giffen good

22. यदि $x$ तथा $y$ की माँग की तिरछी लो धनात्मक है तो ऐसी स्थिति में दोनों वस्तु होंगी :

(अ) स्थानापन्न

(ब) पूरक

(स) असम्बद्ध

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

23. रिज रेखाएँ दर्शाती हैं कि दो साधन K तथा L :

(अ) इष्टतम ज़ोन में प्रयुक्त होंगी

(ब) दोनों के मध्य कोई स्थानापन्नता नहीं है

(स) $MP_L$ ऋणात्मक है

(द) $MP_K$ ऋणात्मक है

24. यदि माँग वक्र का ढलान धनात्मक है तो ऐसी वस्तु :

(अ) एक सामान्य वस्तु है

(ब) एक हीन वस्तु है

(स) स्थानापन्न वस्तु है

(द) गिफिन वस्तु है

25. Shut-down price depicts that in a competitive market a firm :

(a) has decided to close its operations

(b) earns normal profit where AC = price

(c) has a situation where AC < price

(d) has a situation in which price = AVC

26. Engel's curve shows a relationship between demand for $x$ and :

(a) income

(b) price of $x$

(c) price of $y$

(d) income of others

27. Externalities in economics depict a scenario in which :

(a) an individual has a gain without any effort

(b) an individual suffers a loss for which he is not responsible

(c) a firm continues to earn abnormal profit even in the long run

(d) all of the above

25. शट-डाउन कीमत यह दर्शाती है कि किसी प्रतियोगी बाज़ार में एक फर्म :

(अ) यह निर्णय ले चुकी है कि वह अपनी गतिविधियों को बन्द कर दे

(ब) सामान्य लाभ अर्जित करती है जहाँ AC = price है

(स) उस स्थिति में है जहाँ AC < price

(द) की ऐसी स्थिति है जिसमें price = AVC है

26. एंजेल वक्र $x$ की मांग तथा निम्न के बीच सम्बन्ध दिखाता है :

(अ) आय

(ब) $x$ की कीमत

(स) $y$ की कीमत

(द) अन्य लोगों की आय

27. अर्थशास्त्र में बाह्यताएँ उस स्थिति को व्यक्त करती हैं, जहाँ :

(अ) एक व्यक्ति को बिना किसी प्रयास के कोई लाभ मिल जाता है

(ब) किसी व्यक्ति को हानि होती है जिसके लिए वह उत्तरदायी नहीं है

(स) कोई फर्म दीर्घकाल में भी असामान्य लाभ अर्जित करती रहती है

(द) उपर्युक्त सभी

28. If at some level of output price of the product and marginal revenue are 30 and 20, what would be the price elasticity ?

(a) 1.5

(b) 2.5

(c) 3.0

(d) 3.5

29. In a normal cost function, what would be the shape of average and marginal cost curves ?

(a) Saucer shaped

(b) L-shaped

(c) V-shaped

(d) S-shaped

30. According to George Stigler which types of firms would generally survive in the long run ?

(a) Beginners

(b) Very small

(c) Very large

(d) Middle range

28. यदि उत्पादन के निर्दिष्ट स्तर पर वस्तु की कीमत तथा सीमान्त आगम क्रमश: 30 तथा 20 हों तो कीमत लोच क्या होगी ?

(अ) 1.5

(ब) 2.5

(स) 3.0

(द) 3.5

29. एक सामान्य लागत फलन के अंतर्गत औसत तथा सीमान्त लागत वक्रों की आकृति कैसी होगी ?

(अ) तश्तरी की तरह

(ब) L की तरह

(स) V की तरह

(द) S की तरह

30. जॉर्ज स्टिग्लर के अनुसार दीर्घकाल में इनमें से किस प्रकार की फर्में अस्तित्व में रह पाती हैं ?

(अ) जिनका प्रारम्भ ही हुआ है

(ब) अत्यन्त छोटी फर्में

(स) बहुत बड़ी फर्में

(द) मध्यम आकार वाली फर्में

31. Gross Domestic Product (GDP) is defined as :

(a) Value of goods and services produced in a country every month

(b) Value of goods and services produced in a country during one year

(c) Value of goods and services produced in a year by Indians only

(d) Value of goods and services produced by Indians living in India and abroad

32. In economics, full employment implies that :

(a) all citizens living in the country have jobs

(b) all persons in the age group 15-59 are employed

(c) all persons in the age group 15-59 and want jobs are employed

(d) all of the above

31. सकल घरेलू उत्पाद को इस प्रकार परिभाषित किया जाता है :

(अ) देश में एक माह में उत्पादित वस्तुओं तथा सेवाओं का मूल्य

(ब) देश में एक वर्ष में उत्पादित वस्तुओं तथा सेवाओं का मूल्य

(स) देश में एक वर्ष में केवल भारतीयों द्वारा उत्पादित वस्तुओं तथा सेवाओं का मूल्य

(द) देश तथा विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों द्वारा उत्पादित वस्तुओं तथा सेवाओं का मूल्य

32. अर्थशास्त्र के अनुसार पूर्ण रोज़गार का अभिप्राय यह है :

(अ) देश में रहने वाले सभी नागरिकों को काम मिला हुआ है

(ब) 15-59 आयु के सभी व्यक्ति कार्यरत हैं

(स) 15-59 आयु के व्यक्ति जो काम चाहते हैं कार्यरत हैं

(द) उपर्युक्त सभी

33. Gross National Product (GNP) is defined as :

(a) GNP = C

(b) GNP = C + I

(c) GNP = C + I + G

(d) GNP = C + I + G + (X – M)

34. Inclusive growth is defined as :

(a) growth of GDP

(b) growth of per capita income

(c) growth in employment

(d) growth of income and reduction in inequalities

35. Inflation indicates :

(a) increase in food prices

(b) increase in prices of fuel

(c) increase in prices of food and clothes

(d) secular increase in wholesale price level

33. सकल राष्ट्रीय उत्पाद को इस प्रकार परिभाषित करते हैं :

(अ) GNP = C

(ब) GNP = C + I

(स) GNP = C + I + G

(द) GNP = C + I + G + (X – M)

34. समावेशी विकास का निम्न अर्थ है :

(अ) सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि

(ब) प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि

(स) रोज़गार में वृद्धि

(द) आय में वृद्धि तथा विषमताओं में कमी

35. मुद्रा-स्फीति निम्न का संकेत है :

(अ) खाद्य कीमतों में वृद्धि

(ब) ईंधन की कीमतों में वृद्धि

(स) खाद्य तथा कपड़ों की कीमत में वृद्धि

(द) थोक कीमत स्तर में अनवरत वृद्धि

36. IIP trend depicts that recent increase in industrial production per year has been :

(a) more than 10 per cent

(b) 5 to 10 per cent

(c) less than 5 per cent

(d) negative

37. Which sector in India contributes the highest share in total savings ?

(a) Household sector

(b) Government sector

(c) Trade and industry

(d) Banking and insurance

38. What has been the ratio of investment to GDP in India ?

(a) 42 percent

(b) 35 percent

(c) 30 percent

(d) 26 percent

36. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक दर्शाता है कि औद्योगिक उत्पादन की हाल की वार्षिक वृद्धि दर इस प्रकार रही है :

(अ) 10 प्रतिशत से अधिक

(ब) 5 से 10 प्रतिशत

(स) 5 प्रतिशत से कम

(द) ऋणात्मक

37. भारत में कुल बचतों में किस सेक्टर का योगदान सर्वाधिक है ?

(अ) घरेलू सेक्टर

(ब) सरकारी सेक्टर

(स) व्यापार व उद्योग

(द) बैंकिंग तथा बीमा

38. भारत में सकल घरेलू उत्पाद में निवेश का अनुपात कितना है ?

(अ) 42 प्रतिशत

(ब) 35 प्रतिशत

(स) 30 प्रतिशत

(द) 26 प्रतिशत

39. If the marginal propensity to consume is 0.8 and a new investment of Rs. 1,000 crore is injected, how much will be the increase in GNP ?

(a) Rs. 50,000 crore

(b) Rs. 5,000 crore

(c) Rs. 2,000 crore

(d) Rs. 1,000 crore

40. Assume that the economy is in liquidity trap and RBI increases money supply by 15 percent, what would be the outcome ?

(a) people will deposit entire increase in money supply in banks

(b) increase in money supply would tend to reduce interest rate

(c) there would not be any change in rate of interest

(d) increase in money supply would tend to raise its demand and interest rate will increase

39. यदि उपभोग सीमान्त प्रवृत्ति 0.8 हो तथा 1,000 करोड़ रुपए का नया निवेश किया जाए तो सकल राष्ट्रीय उत्पाद में कितनी वृद्धि होगी ?

(अ) 50,000 करोड़ रुपए

(ब) 5,000 करोड़ रुपए

(स) 2,000 करोड़ रुपए

(द) 1,000 करोड़ रुपए

40. कल्पना कीजिए कि अर्थव्यवस्था तरलता जाल में फँसी है और रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया मुद्रा की पूर्ति में 15 प्रतिशत की वृद्धि कर देता है । ऐसी स्थिति में क्या हो सकता है ?

(अ) लोग मुद्रा की समूची वृद्धि को बैंकों में जमा कर देंगे

(ब) मुद्रा की मात्रा में वृद्धि से ब्याज़ की दर में कमी होगी

(स) ब्याज़ की दर में कोई भी परिवर्तन नहीं होगा

(द) मुद्रा की पूर्ति में वृद्धि के साथ इसकी मांग में वृद्धि होगी और इससे ब्याज़ की दर में वृद्धि होगी

41. According to Keynes, an economy fails to attain full employment because :

(a) wage rate is inflexible

(b) wage rate is flexible

(c) government controls wages and prices

(d) trade unions do not allow reduction in wages below certain level

42. Assuming that bankers are required to keep 20 percent of their deposits as cash reserve, and initial deposits in banks are Rs. 100 crores, then how much would be the amount of total deposits ?

(a) Rs. 500 crores

(b) Rs. 1,000 crores

(c) Rs. 250 crores

(d) Rs. 100 crores

41. कीन्स के अनुसार किसी अर्थव्यवस्था में पूर्ण रोज़गार की प्राप्ति न होने का कारण यह है कि :

(अ) मज़दूरी की दर अपरिवर्तनीय है

(ब) मज़दूरी की दर परिवर्तनशील है

(स) सरकार मज़दूरी की दर तथा कीमतों को नियंत्रित रखती है

(द) श्रमिक संघ एक निश्चित स्तर से मज़दूरी की दर में कमी नहीं होने देते

42. मान लीजिए कि बैंकों के लिए उनकी जमाओं का 20 प्रतिशत नकद जमा के रूप में रखना पड़ता है तथा बैंकों की प्रारम्भिक जमाएँ 100 करोड़ रुपए हैं तो कुल जमाओं की राशि कितनी होगी ?

(अ) 500 करोड़ रुपए

(ब) 1,000 करोड़ रुपए

(स) 250 करोड़ रुपए

(द) 100 करोड़ रुपए

43. How do we define Current Account Deficit (CAD) of a country ?

(a) excess of imports over exports of merchandise

(b) excess of invisible imports over exports

(c) outflow of foreign exchange reserves from the country

(d) excess of foreign exchange outflows over inflows

44. While estimating the national income we take the value of :

(a) all final goods

(b) all final goods and services

(c) all final goods and intermediate goods

(d) all final goods, intermediate goods and services

43. चालू खाते के घाटे को आप किस प्रकार परिभाषित करेंगे ?

(अ) वस्तुओं के निर्यात की अपेक्षा आयात का आधिक्य

(ब) अदृश्य आयातों का उद्देश्य निर्यातों से आधिक्य

(स) देश से विदेशी विनिमय रिज़र्व का पलायन

(द) कुल विदेशी विनिमय के बहिर्गमन की तुलना में इसकी प्राप्तियों का आधिक्य

44. राष्ट्रीय आय का अनुमान करते समय हम निम्नलिखित का मूल्य लेते हैं :

(अ) सभी अंतिम वस्तुएँ

(ब) सभी अंतिम वस्तुएँ व सेवाएँ

(स) सभी अंतिम वस्तुएँ तथा माध्यमिक वस्तुएँ

(द) सभी अंतिम वस्तुएँ, माध्यमिक वस्तुएँ तथा सेवाएँ

45. Which of the following is *not* used as an instrument of controlling credit ?

(a) open market operations

(b) regulation of margin requirement

(c) direct action against defaulter bank

(d) cancellation of a defaulter bank's licence

46. Which of the following types of demand for money is directly related to interest rate ?

(a) speculative demand

(b) transaction demand

(c) precautionary demand

(d) sum total of all the three

47. Acceleration principle states that :

(a) demand for capital goods varies directly with change in the level of aggregate output

(b) if the aggregate output ceases to grow, then the net investment eventually becomes zero

(c) the extent of change in the demand for capital goods depends on capital output ratio

(d) all of the above are relevant

45. इनमें से किस विधि को साख-नियंत्रण हेतु प्रयुक्त **नहीं** किया जाता ?

(अ) खुले बाज़ार की क्रियाएँ

(ब) मार्जिन का नियमन

(स) दोषी बैंकर के विरुद्ध सीधी कार्रवाही

(द) दोषी बैंकर का लाइसेंस निरस्त करना

46. मुद्रा की माँग की कौनसी श्रेणी के ब्याज़ की दर से प्रत्यक्ष सम्बन्ध है ?

(अ) सट्टा प्रयोजन हेतु माँग

(ब) व्यावसायिक प्रयोजन हेतु माँग

(स) सतर्कता प्रयोजन हेतु माँग

(द) उपर्युक्त तीनों प्रयोजन हेतु माँग का योग

47. त्वरक सिद्धान्त यह बतलाता है कि :

(अ) पूँजीगत वस्तुओं की माँग प्रत्यक्षत: सकल उत्पाद के स्तर में होने वाले परिवर्तन पर निर्भर करती है

(ब) यदि सकल उत्पाद की वृद्धि रुक जाती है तो अंतत: शुद्ध निवेश शून्य हो जाता है

(स) पूँजीगत वस्तुओं की माँग में परिवर्तन की मात्रा पूँजी-उत्पाद के अनुपात पर निर्भर करती है

(द) उपर्युक्त सभी प्रासंगिक हैं

48. Human Development Report is annually published by :

(a) World Bank

(b) W.H.O.

(c) U.N.D.P.

(d) World Economic Forum

49. Progressive taxation of income implies that :

(a) the rate of tax increases as income increases

(b) rate of tax remains constant at all levels of income

(c) tax rate is reduced at income increases

(d) amount of tax remains the same

50. In which year was World Trade Organization (WTO) founded ?

(a) 1985

(b) 1995

(c) 2005

(d) 2008

48. प्रति वर्ष मानव विकास रिपोर्ट का प्रकाशन किस एजेंसी द्वारा किया जाता है ?

(अ) विश्व बैंक

(ब) डब्ल्यू.एच.ओ.

(स) यू.एन.डी.पी.

(द) वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम

49. प्रगतिशील करारोपण का अर्थ है कि :

(अ) आय में वृद्धि के साथ कर की दर बढ़ती है

(ब) आय के सभी स्तरों पर कर की दर वही रहती है

(स) आय जैसे-जैसे बढ़ती है, कर की दर में कमी होती है

(द) कर की राशि यथावत् रहती है

50. विश्व व्यापार संगठन की स्थापना किस वर्ष में हुई थी ?

(अ) 1985

(ब) 1995

(स) 2005

(द) 2008

51. Which of the following product groups has the highest contribution in India's exports ?

(a) agricultural products

(b) gems and jewellery

(c) readymade garments

(d) handicrafts

52. Hindu growth rate implies that :

(a) growth rate of GDP remains around 3.5 percent over a long run

(b) growth rate remains around 10 percent

(c) initially GDP rises slowly and then at a fast rate

(d) growth tempo is high since beginning

53. Fiscal deficit is defined as :

(a) sum total of excess of revenue expenditure over total revenue of government

(b) sum total of revenue deficit, amount of net borrowings, and capital receipts of union government

(c) loans taken by government

(d) total of primary deficit and net borrowing

51. निम्नलिखित में से किस वस्तु समूह का भारत के निर्यात व्यापार में सर्वाधिक योगदान है ?

(अ) कृषि से सम्बद्ध वस्तुएँ

(ब) रत्न एवं आभूषण

(स) रेडीमेड वस्त्र

(द) हैंडीक्राफ्ट वस्तुएँ

52. हिन्दू विकास दर का आशय यह है कि :

(अ) सकल राष्ट्रीय उत्पाद दीर्घकाल में 3.5 प्रतिशत की दर से बढ़ता है

(ब) विकास दर 10 प्रतिशत के आस-पास रहती है

(स) प्रारम्भ में सकल राष्ट्रीय उत्पाद धीमी दर से बढ़ता है और फिर तेजी से बढ़ता है

(द) प्रारम्भ से ही विकास की दर ऊँची रहती है

53. राजकोषीय घाटे का आशय निम्न है :

(अ) राजस्व व्यय का राजस्व प्राप्तियों से आधिक्य

(ब) राजस्व घाटे, शुद्ध ऋणों की राशि तथा पूँजीगत प्राप्तियों (संघीय सरकार की) का योग

(स) सरकार द्वारा लिया गया ऋण

(द) प्राथमिक घाटे तथा शुद्ध ऋणों का योग

54. PPP model in infrastructure development refers to :

(a) Public-Private Property mode

(b) Public-Private Partnership

(c) Public Policy Profile

(d) Public Private Principle

55. Balance of Payment reflects the following :

(a) balance of merchandise trade and net NRI funds

(b) balance of trade and net external borrowing

(c) balance of visible and invisible trade

(d) balance of visible and invisible trade and net capital flow from abroad

56. Which of the following is *not* treated as a direct tax in India ?

(a) Income tax

(b) Corporation tax

(c) Gift tax

(d) Service tax

54. ढाँचागत विकास में पी.पी.पी. मॉडल का निम्न आशय है :

(अ) सार्वजनिक-निजी सम्पदा विधि

(ब) सार्वजनिक-निजी साझेदारी

(स) सार्वजनिक-नीति प्रोफाइल

(द) सार्वजनिक-निजी सिद्धांत

55. भुगतान संतुलन निम्न को दर्शाता है :

(अ) वस्तुओं के व्यापार का शेष तथा प्रवासी भारतीयों के कोष

(ब) व्यापार संतुलन तथा विदेशी ऋण

(स) दृश्य तथा अदृश्य व्यापार का सन्तुलन

(द) दृश्य व अदृश्य व्यापार का शेष तथा विदेशों से पूँजी का प्रवाह

56. निम्नलिखित में से भारत में कौनसा कर प्रत्यक्ष कर नहीं है ?

(अ) आय कर

(ब) निगम कर

(स) उपहार कर

(द) सेवा कर

57. Primary sector of an economy refers to the following :

(a) Primary education

(b) Primary health

(c) Agriculture

(d) Mining, agriculture, forestry and animal husbandry

58. The contribution of agriculture and allied sectors in the national income of India is :

(a) 46 percent

(b) 36 percent

(c) 20 percent

(d) 15 percent

59. Which of the following is *not* a function of the Reserve Bank of India ?

(a) changing the repo rate

(b) controlling credit

(c) giving loans to states and union governments

(d) creating deposits

57. अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र में शामिल है :

(अ) प्राथमिक शिक्षा

(ब) प्राथमिक स्वास्थ्य

(स) कृषि

(द) खनन, कृषि, वानिकी तथा पशुपालन

58. भारत की राष्ट्रीय आय में कृषि एवं सम्बद्ध सेक्टरों का योगदान कितना है ?

(अ) 46 प्रतिशत

(ब) 36 प्रतिशत

(स) 20 प्रतिशत

(द) 15 प्रतिशत

59. निम्न में से कौनसा कार्य भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा **नहीं** किया जाता है ?

(अ) रेपो दर में परिवर्तन करना

(ब) साख का नियंत्रण करना

(स) राज्यों तथा संघीय सरकारों को ऋण देना

(द) जमाओं का सृजन करना

60. Which of the following agencies in India determines the support prices of farm products ?

(a) Commission on Agricultural Costs and Prices

(b) Food Corporation of India

(c) Ministry of Commerce

(d) Ministry of Agro-processing

61. Find the median of the data given below :

13, 8, 11, 6, 4, 15, 2, 18

(a) 5

(b) 8

(c) 11

(d) 9.5

62. If in a series arithmetic average (mean) = 3.5 and mode = 2.13, find out the median :

(a) 3.09

(b) 5.01

(c) 4.01

(d) None of the above

60. भारत में इनमें से कौनसी एजेंसी कृषि जिंसों के समर्थन मूल्यों का निर्धारण करती है ?

(अ) कृषि लागत एवं कीमत आयोग

(ब) भारतीय खाद्य निगम

(स) वाणिज्य मंत्रालय

(द) कृषि प्रसंस्करण मंत्रालय

61. निम्न संख्याओं के आधार पर मध्यका ज्ञात कीजिए :

13, 8, 11, 6, 4, 15, 2, 18

(अ) 5

(ब) 8

(स) 11

(द) 9.5

62. यदि किसी सारणी के अन्तर्गत माध्य = 3.5 तथा बहुलक = 2.13 हो, तो मध्यका क्या होगी ?

(अ) 3.09

(ब) 5.01

(स) 4.01

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

63. If $6P_rC_r = 24$, find out the value of $r$ :

(a) 2

(b) 4

(c) 1

(d) 6

64. If on a deposit of Rs. 1,000 interest rate is 10 percent, calculate the interest payable at simple and compound methods for three years :

(a) Rs. 1,400 and Rs. 1,470

(b) Rs. 1,500 and Rs. 1,680

(c) Rs. 1,300 and Rs. 1,330

(d) Rs. 1,050 and Rs. 1,080

65. If the ratio of ages between Ram and Shyam is 5 : 7, while such ratio was 8 : 13 about 18 years ago, find the present ages of two persons :

(a) 40; 56

(b) 50; 70

(c) 70; 50

(d) not available

63. यदि $6P_rC_r = 24$ हो, तो $r$ का मूल्य ज्ञात कीजिए :

(अ) 2

(ब) 4

(स) 1

(द) 6

64. यदि 10 प्रतिशत की ब्याज़ दर पर 1,000 रुपए जमा किए जाएँ तो सरल विधि तथा चक्रवर्ती विधि से तीन वर्ष में कितना ब्याज़ देय होगा ?

(अ) 1,400 रु. व 1,470 रु.

(ब) 1,500 रु. व 1,680 रु.

(स) 1,300 रु. व 1,330 रु.

(द) 1,050 रु. व 1,080 रु.

65. यदि राम तथा श्याम की आयु का अनुपात 5 : 7 है, जबकि 18 वर्ष पूर्व यह अनुपात 8 : 13 था, तो दोनों की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए :

(अ) 40; 56

(ब) 50; 70

(स) 70; 50

(द) उपलब्ध नहीं

69. From the following data find the number of class intervals if class length is given as 5 :

73, 72, 65, 41, 54, 80, 50, 46, 49, 53

(a) 6

(b) 5

(c) 7

(d) 8

70. If the profits of Arson & Co. remain constant for 10 years, the coefficient of standard deviation of profits will be :

(a) Zero

(b) Negative

(c) Positive

(d) Uncertain

69. निम्न समंकों के आधार पर वर्ग-मध्यांतर ज्ञात कीजिए यदि वर्ग की दूरी 5 मानी जाए :

73, 72, 65, 41, 54, 80, 50, 46, 49, 53

(अ) 6

(ब) 5

(स) 7

(द) 8

70. यदि आर्सन एंड कम्पनी के लाभ 10 वर्ष तक स्थिर रहते हैं तो लाभों का प्रमाप-विचलन कितना होगा ?

(अ) शून्य

(ब) ऋणात्मक

(स) धनात्मक

(द) अनिश्चित

# Space for Rough Work

## कच्चे कार्य के लिए स्थान